प्रेस विज्ञप्ति

फिल्म प्रभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
मुंबई- 400 026

दिनांक : 14.08.2021

फिल्म प्रभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस -2021 के अवसर पर "आज़ादी का अमृत महोत्सव" फिल्मोत्सव का आयोजन

फिल्म प्रभाग स्वतंत्रता दिवस-2021 के अवसर पर 3 दिवसीय फिल्मोत्सव **"आज़ादी का अमृत महोत्सव"** के आयोजन द्वारा राष्ट्र के साथ इस पर्व को मना रहा है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित कुल 20 वृत्तचित्रों का एक पॅकेज प्रदर्शित किया जाएगा। यह फिल्म महोत्सव 15 से 17 अगस्त, 2021 तक फिल्म प्रभाग की वेबसाइट और यूट्यूब चॅनल पर प्रसारित किया जाएगा।

इस फिल्म महोत्सव का आयोजन, भारत की स्वतंत्रता के उपरांत, प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और भारतीयों की सफलता, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई एक अनूठी पहल **"आज़ादी का अमृत महोत्सव"** के एक भाग के रूप में किया जा रहा है। इस फिल्म महोत्सव में, १८५७ के भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, गांधीवादी युग की शुरुआत, पूर्ण स्वराज का आह्वान, महान नमक/ डांडी मार्च, काला पानी और स्वतंत्रता के बाद रियासतों के विलय जैसे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में मील के पत्थर साबीत हुए क्षणों पर आधारित वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञात तथा अज्ञात, लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य योगदान के कारण भारत को स्वतंत्रता का स्वर्णिम पल मिला। **"आज़ादी का अमृत महोत्सव"** फिल्मोत्सव में सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, बिरसा मुंडा, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, बाबा शाहमल जाट, डॉ. गोपीनाथ बोरदोलोई, बाघा जतिन, मातंगिनी हाजरा की जैसे सेनानिओं के शौर्य तथा त्याग की गाथा को याद करते हुए उनके जीवनी पर आधारित वृत्तचित्रों का प्रसारण किया जाएगा। साथ में बंकिमचंद्र और हनवंत सहाय, पंडित जयनंदन झा, शिव गुरुनाथन, शांताराम वकील और मारीमुथु चेट्टियार सहित अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को समर्पित फिल्में भी इस फिल्मोत्सव का हिस्सा हैं। वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक परिवर्तन के एक साधन के रूप में “गांधीवादी अवधारणा- स्वदेशी”, पर चर्चा करने वाली फिल्म 'गांधी रिडिस्कवर्ड' भी इस फिल्मोत्सव का एक और आकर्षण होगी ।

"आज़ादी का अमृत महोत्सव" फिल्म महोत्सव की फिल्में देखने के लिए फिल्म प्रभाग की वेबसाइट https://filmsdivision.org/ पर लॉग ऑन करें या फिल्म प्रभाग के यूट्यूब चैनल https://www.youtube.com/user/FilmsDivision पर फिल्मों का अनुसरण करें।

-फिल्म प्रभाग

022-23522252/ 09004035366

publicity@filmsdivision.org

****